## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 14.07.2026 (सुबह – 0830 बजे)

### मुख्य समाचार

1. राज्य में आज सभी मतदान केंद्र पर बीएलओ–बीएलए 2 की बैठक और चुनाव पाठशाला का आयोजन ,मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन से जुड़े सभी स्टेकहोल्डर भाग लेने की अपील की।

2. लातेहार जिला पुलिस ने 20 लाख के इनामी नक्सली रविंद्र गंझू को किया गिरफ्तार, ईडी ने 3 करोड़ सतासी लाख़ रुपये की 11 अचल संपत्ति की जब्त।

3. श्रावणी मेला की सुरक्षा को लेकर डीजीपी तदाशा मिश्र ने की समीक्षा बैठक, ड्रोन, एआई और सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी।

4. एनटीए ने नीट–यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा की ओएमआर शीट और रिकॉर्ड किए गए उत्तर जारी किए, कल तक चुनौती की सुविधा ।

और

5. राज्य में अगले चार दिनों तक आंधी –बारिश और वज्रपात को लेकर मौसम विभाग का येलो अलर्ट ।

********************

राज्य में आज सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ–बीएलए 2 की बैठक और चुनाव पाठशाला का आयोजन होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर राज्य के सभी मतदान केंद्रों पर आज होने वाली बैठक और चुनाव पाठशाला के सफल आयोजन में सहयोग की अपील की।

********************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि चतरा, मझगांव, मनोहरपुर, चक्रधरपुर, गुमला और लोहरदगा विधानसभा क्षेत्रों में सभी मतदाताओं को इन्यूमरेशन फॉर्म उपलब्ध करा दिए गए हैं तथा अन्य क्षेत्रों में भी शीघ्र शत–प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

********************

रांची जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने मतदाताओं से अपील की है कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत घर–घर पहुंच रहे बीएलओ को इन्यूमरेशन फॉर्म भरने में पूरा सहयोग दें। उपायुक्त ने सभी मतदाताओं, राजनीतिक दलों और मीडिया से अभियान को सफल बनाने में सहयोग की अपील की।

********************

अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक सर्जरी दिवस के अवसर पर रांची स्थित रिम्स के प्लास्टिक सर्जरी विभाग ने स्मृति क्विज प्रतियोगिता एवं शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें वरिष्ठ चिकित्सकों, संकाय सदस्यों और रेजिडेंट डॉक्टरों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ प्लास्टिक सर्जन डॉ. प्रिंस गुप्ता ने प्लास्टिक सर्जरी के वर्तमान परिदृश्य, नई तकनीकों और करियर की संभावनाओं पर व्याख्यान दिया  प्लास्टिक सर्जन डॉ. प्रियंका केरकेट्टा ने कहा कि प्लास्टिक सर्जरी केवल सौंदर्य उपचार तक सीमित नहीं, बल्कि पुनर्निर्माण और जटिल शल्य चिकित्सा में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

********************

लातेहार जिला पुलिस ने 20 लाख रुपये के इनामी भाकपा माओवादी नक्सली रविंद्र गंझू को गिरफ्तार किया है। उस पर झारखंड पुलिस ने 15 लाख रुपये और एनआईए ने 5 लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था।

********************

झारखंड में माओवाद के वित्तपोषण से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने बड़ी कार्रवाई की है। ईडी के रांची क्षेत्रीय कार्यालय ने धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत लगभग तीन करोड़ सत्तासी लाख रुपये मूल्य की ग्यारह अचल संपत्तियां अस्थायी रूप से जब्त कर ली हैं।

********************

पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक तदाशा मिश्रा ने आगामी राजकीय श्रावणी मेला की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रांची पुलिस मुख्यालय में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण, कानून व्यवस्था, आपदा प्रबंधन तथा आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था सहित सभी पहलुओं की समीक्षा की गई। डीजीपी ने अधिकारियों को संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी, ड्रोन और एआई आधारित निगरानी, महिला सुरक्षा तथा विभिन्न एजेंसियों के साथ बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

********************

रामगढ़ जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र में हुए ज्वेलर्स डकैती कांड के मुख्य साजिशकर्ता को पुलिस ने गिरफ्तार किया है । पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत ने संवाददाता सम्मेलन में इसकी जानकारी दी।

********************

रांची में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि डोरंडा थाना क्षेत्र से चार ब्राउन शुगर तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

********************

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने नीट–यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा की ओएमआर शीट और रिकॉर्ड किए गए उत्तर जारी कर दिए हैं। एजेन्सी ने बताया कि उम्मीदवार एनटीए की वेबसाइट नीट डॉट एनटीए डॉट एनआईसी डॉट इन पर अपने आवेदन नंबर लॉग इन करके अपनी ओएमआर शीट और उत्तर देख सकते हैं। ओएमआर चुनौती सुविधा कल तक उपलब्ध रहेगी।

********************

राज्य में अगले चार दिनों तक आंधी के साथ भारी बारिश और वज्रपात को लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम केन्द्र रांची के वैज्ञानिक ने मानसून की कम बारिश में किसानों को खेती को लेकर सलाह दी है ।

साउंड बाइट– अभिषेक आनंद ऑन बारिश 29 सेकेंड

********************

22वीं रांची जिला सब–जूनियर वुशु चैम्पियनशिप–2026 में विभिन्न विद्यालयों, क्लबों और अकादमियों के 226 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सांडा और ताऊलू की 35 स्पर्धाओं का आयोजन किया गया तथा विजेताओं को पदक और प्रमाण–पत्र प्रदान किए गए।

********************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने इनामी नक्सली रविंद्र गंझू की गिरफ्तारी की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने लिखा है – शिकंजा : 20 लाख का इनामी नक्सली रविंद्र गंझू गिरफ्तार

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है–बीआईटी सिंदरी बनेगी यूनिटरी यूनिवर्सिटी, 15 दिन में यूनिवर्सिटी सेवा आयोग सक्रिय होगा।

**प्रभात खबर** ने लिखा है – भारतीय महिलाओं की लॉर्ड्स फतह।

**आज मतदान केंद्रों पर सुनाई जाएगी एएसडीडी की सूची, इस खबर को दैनिक जागरण** ने पहले पन्ने पर जगह दी है।

*********समाप्त************